बुश फ़ायर (जंगल की आग) संबंधी आपातकाल के बारे में जानकारी

बुश फ़ायर होने पर, यह महत्वपूर्ण है कि आप अपने क्षेत्र की स्थिति के बारे में नवीनतम जानकारी लेते रहें ताकि आप और आपका परिवार आपकी बुश फ़ायर से बचने की योजना (Bush Fire Survival Plan) को जल्द से जल्द लागू कर सकें।

एनएसडब्ल्यू ग्रामीण अग्नि सेवा (NSW रुरल फ़ायर सर्विस) इन नंबरों, लिंक और ऐप्स को आसानी से उपलब्ध रखने के लिए दृढ़ता से प्रोत्साहित करती है।

याद रखें कि आग अचानक ख़तरा पैदा कर सकती है
आपातकालीन सूचना के लिए किसी एक स्रोत पर निर्भर न रहें।
दूरसंचार नेटवर्क बुश फ़ायर के दौरान काम करना बंद कर सकते हैं।
बिजली के न होने पर NBN से जुड़े उपकरण भी प्रभावित होंगे।

000 EMERGENCY

आपातकाल में तुरंत **तीन शून्य (000)** डायल करें।

बुश फ़ायर के बारे में जानकारी

फ़ायर्स नियर मी एनएसडब्ल्यू ऐप (Fires Near Me NSW app)

www.rfs.nsw.gov.au

facebook.com/nswrfs

twitter.com/nswrfs

बुश फ़ायर सूचना लाइन
1800 NSW RFS
(1800 679 737)

स्थानीय रेडियो, टीवी और समाचार सुनें

NSW GOVERNMENT | NSW RURAL FIRE SERVICE | FIRE + RESCUE

तैयारी करें। कार्यवाही करें। जीवित रहें।
एनएसडब्ल्यू रुरल फ़ायर सर्विस

बुश फ़ायर संबंधी चेतावनी के स्तरों को जानें

जहाँ बुश फ़ायर से ख़तरा होता है, वहाँ बुश फ़ायर की चेतावनियाँ (Bush Fire Alerts) रेडियो, टेलीविज़न, इंटरनेट या टेलीफ़ोन का उपयोग करके प्रभावित समुदायों को जानकारी प्रदान करती हैं।

यह चेतावनी (अलर्ट) आग की गंभीरता, उसका स्थान और आपको क्या करना चाहिए, इसकी जानकारी देगी।

आपकी अपनी सुरक्षा के लिए सही विकल्पों को चुनने में मदद करने के लिए बुश फ़ायर चेतावनी के तीन स्तर हैं।

सलाह

आग लग गई है।
तत्काल कोई ख़तरा नहीं है। हो सकता है कि स्थिति बदल जाए, इसलिए नवीनतम जानकारी प्राप्त करते रहें।

देखें और कार्यवाही करें

ख़तरे का स्तर बढ़ गया है। स्थितियाँ बदल रही हैं और आपको अपनी और अपने परिवार की सुरक्षा के लिए कार्रवाई शुरू करने की आवश्यकता है।

आपातकालीन चेतावनी

आपातकालीन चेतावनी बुश फ़ायर चेतावनी का उच्चतम स्तर है। आप ख़तरे में हो सकते हैं और तुरंत कार्रवाई करने की आवश्यकता है। अब कोई भी देरी आपके जीवन को ख़तरे में डाल सकती है।

मेरी वैकल्पिक (बैक-अप) योजना

मोबाइल फ़ोन, घर का फ़ोन और इंटरनेट सभी आग के दौरान काम करना बंद कर सकते हैं। हो सकता है कि बिजली न होने के दौरान NBN से जुड़े उपकरण काम न करें।

टेक्नोलॉजी पर निर्भर न रहें। जुड़े रहने के लिए हमेशा अन्य सुविधा का विकल्प (बैक-अप) रखें।

स्थानीय रेडियो
मेरी स्थानीय आपातकालीन प्रसारण की फ़्रीक्वंसी (frequency) है:

....

पड़ोसियों के साथ संपर्क बनाए रखें
मेरे पड़ोसियों के नाम और फ़ोन नम्बर

....

....

....

....

आपातकालीन सेवाओं की सलाह का पालन करें
स्थानीय वीएचएफ़ (VHF) चैनल:

....

याद रखें कि आग अचानक ख़तरा पैदा कर सकती है

आपातकालीन सूचना के लिए किसी एक स्रोत पर निर्भर न रहें। बुश फ़ायर के दौरान दूरसंचार नेटवर्क काम करना बंद कर सकते हैं। बिजली न होने पर NBN से जुड़े उपकरण भी प्रभावित होंगे।